बरेली
शुक्रवार, 10 दिसंबर 2021

अमर उजाला

PAGE NO 08, MIDDLE

रिद्धिमा में सजी सुर-संगीत की शाम

संवाद न्यूज एजेंसी

राजस्थानी, असमी और उत्तर प्रदेश के लोक गीतों से बांधा समा

रिद्धिमा में आयोजित कार्यक्रम में गीत गातीं कलाकार। *विज्ञप्ति*

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में संगीत की खूबसूरत शाम सजाई गई। इसमें इंडीफोक कार्यक्रम के तहत कलाकारों ने विभिन्न प्रांतों के लोक गीतों से समा बांध दिया।

कार्यक्रम में राजस्थानी, असमी, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के लोक गीत पेश किए गए। इसमें खास तौर से रिद्धिमा के गुरुजनों ने राजस्थान और उत्तर प्रदेश की लोक कला को संगीत में पिरोकर इस तरह पेश किया कि मौजूद लोगों की तालियों से पूरा सभागार गूंज उठा। इसके अलावा स्नेहाशीष मिश्रा ने राजस्थानी, शिवांगी मिश्रा ने पहाड़ी और इंदु परडल ने बंजारा गीतों से धूम मचा दी। डॉ. रीता शर्मा की खास प्रस्तुति भी खूब सराही गई। अंत में सभी गायिकाओं ने अपने गीतों से कार्यक्रम को चरम तक पहुंचाया।

तबले पर शिवशंभू कपूर, दीपक सहाय, सारंगी पर अनीश मिश्रा, उमेश मिश्रा, सितार पर कुंवर पाल, ढोलक पर जनार्दन भारद्वाज, बांसुरी पर पवन राज चौधरी और गिटार पर अंगस्टीन फ्रेडरिक ने साज की खूबसूरत संगत से गीतों में जान भर दी। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति सहित शहर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।